इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान

(दिल्ली विश्वविद्यालय), बी-ब्लॉक, विकासपुरी, नई दिल्ली - 110018

ईमेल: principal@igipess.du.ac.in: वेबसाइट: www.igipess.du.ac.in

परामर्श सत्र

विषय: बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड पाठ्यक्रम की जानकारी एवं पाठ्यक्रम का कैरियर में महत्व

(दिनांक: 10.10.2023)

संस्थान की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति के तत्वाधान में परामर्श सत्र का आयोजन दिनांक 10.10.2023 को किया गया । इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड के विभिन्न सेमेस्टर में पढ़ाई जाने वाले प्रत्येक विषय के बारे में संपूर्ण जानकारी देना था। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो ललित शर्मा जी ने किया। इस कार्यक्रम में बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड के सभी नवागंतुक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रो ललित शर्मा ने सभी छात्रों को संबोधित किया एवं छात्रों को बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड स्तर पर पढ़ाई जाने वाले प्रत्येक विषय की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को वैकल्पिक विषयों की सूची से मनपसंद विषय के चयन एवं उसके भविष्य में होने वाले महत्व बताकर उनका मार्गदर्शन किया। छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब दिए गए।

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान

(दिल्ली विश्वविद्यालय), बी-ब्लॉक, विकासपुरी, नई दिल्ली - 110018
ईमेल: principal@igipess.du.ac.in: वेबसाइट: www.igipess.du.ac.in

तदोपरांत सभी छात्रों की ईमेल पर वैकल्पिक विषयों के चयन के लिए गूगल लिंक वितरित किया गया। प्रोफेसर ललित शर्मा ने सभी छात्रों को गूगल लिंक के बारे में जानकारी दी एवं उसे समय पर जमा करने के निर्देश दिए।

प्रो ललित शर्मा ने छात्रों की करियर काउंसलिंग भी की। उन्होंने छात्रों को इस डिग्री के बाद उपलब्ध विभिन्न नौकरियां एवं उच्च शिक्षा के विकल्पों के बारे में भी जानकारी साझा की।

अंततः प्रो ललित शर्मा ने छात्रों की जिज्ञासाओं को जवाब देकर संतुष्ट कर परामर्श से सत्र का समापन किया।

समीरन

प्रो समीरन चक्रवर्ती

समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी